भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3627**
17 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

**विषय: पीएमकेएमवाई के अंतर्गत लाभार्थी**
**3627. डॉ. धर्मवीर गांधीः**
क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (पीएमकेएमवाई) की शुरुआत से अब तक इसके अंतर्गत पंजीकृत किसानों का वर्षवार और राज्यवार ब्यौरा क्या है;
(ख) प्रत्येक वर्ष पीएमकेएमवाई के अंतर्गत आवंटित और संवितरित धनराशि का ब्यौरा क्या है; और
(ग) पीएमकेएमवाई के अंतर्गत पंजीकृत लघु और सीमांत किसानों के राज्यवार वितरण का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (ग) "प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएमकेएमवाई)", एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जो 18 से 40 वर्ष की प्रवेश आयु वर्ग के किसानों के लिए स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है, जिसमें 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद, कुछ अपवर्जन मानदंडों के साथ रुपए 3000/- की न्यूनतम मासिक सुनिश्चित पेंशन का प्रावधान है। इस योजना का उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों के लिए उनकी वृद्धावस्था के दौरान एक सामाजिक सुरक्षा तंत्र बनाना है। इस योजना में अंशदान की राशि, किसानों की इस योजना में शामिल होने के समय आयु के आधार पर 55 रुपये से लेकर 200 रुपये प्रति माह के बीच है। भारत सरकार भी किसानों के पेंशन खाते में समान अंशदान देती है। भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) इस योजना का पेंशन फंड मैनेजर है। पीएमकेएमवाई के तहत, धनराशि राज्यवार आवंटित नहीं की जाती है और पेंशन 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर वितरित की जाती है।

यह योजना वित्त वर्ष 2019-20 में शुरू की गई थी और दिनांक 25.11.2024 तक, 24.66 लाख से अधिक किसानों को योजना के तहत पंजीकृत किया गया है। राज्य-वार विवरण अनुबंध में संलग्न है।

अनुबन्ध

**दिनांक 25.11.2024 तक, पीएमकेएमवाई के तहत पंजीकृत किसानों का राज्य-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सकल योग |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 521 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 32,350 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2,375 |
| 4 | असम | 13,502 |
| 5 | बिहार | 3,45,038 |
| 6 | चंडीगढ़ | 530 |
| 7 | छत्तीसगढ | 2,02,734 |
| 8 | दिल्ली | 354 |
| 9 | गोवा | 150 |
| 10 | गुजरात | 66,491 |
| 11 | हरियाणा | 5,74,467 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 3,561 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 1,26,577 |
| 14 | झारखंड | 2,53,105 |
| 15 | कर्नाटक | 49,721 |
| 16 | केरल | 1,350 |
| 17 | लद्दाख | 114 |
| 18 | लक्षद्वीप | 72 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1,17,307 |
| 20 | महाराष्ट्र | 80,393 |
| 21 | मणिपुर | 590 |
| 22 | मेघालय | 729 |
| 23 | मिजोरम | 301 |
| 24 | नागालैंड | 1,182 |
| 25 | ओडिशा | 1,57,342 |
| 26 | पुदुचेरी | 146 |
| 27 | पंजाब | 13,040 |
| 28 | राजस्थान | 38,913 |
| 29 | सिक्किम | 34 |
| 30 | तमिलनाडु | 1,10,582 |
| 31 | तेलंगाना | 9,719 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 287 |
| 33 | त्रिपुरा | 831 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2,51,976 |
| 35 | उत्तराखंड | 2,148 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 8,098 |
| | **कुल** | **24,66,630** |

****